# माध्यमिक शिक्षा :

# मासिक शैक्षिक पंचांग

# वर्ष 2018–19

# अप्रैल

- अप्रैल के प्रथम सप्ताह में स्टाफ के साथ शैक्षिक पंचाग को साझा करना तथा शैक्षिक समय सारणी निर्माण।
- प्रत्येक विषय का माहवार पाठ्यक्रम निर्धारण।
- कक्षा–6 से 9 का प्रवेश दिनांक 25 अप्रैल तक तथा कक्षा–11 का अस्थायी (प्रोविजनल) प्रवेश 30 अप्रैल तक। इन कक्षाओं का शिक्षण कार्य यथासम्भव तत्काल प्रारम्भ ।
- छात्रों को परिचय–पत्र एवं पुस्तकालय कार्ड उपलब्ध कराना तथा रेडक्रास, स्काउटिंग, एन0सी0सी0 इत्यादि में पंजीकरण।
- अनुशासन, स्वच्छता, खेलकूद, विज्ञान एवं सांस्कृतिक परिषद इत्यादि समितियों का गठन।
- विद्यालय में सदनवार छात्रों का विभाजन।

- प्रयोगशालाओं की तैयारी तथा प्रत्येक विषय के प्रयोगात्मक कार्य का मासिक विभाजन।
- 07 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन तथा जे0ई0ई0 इन्सेफलाईटिस के कारण एवं उससे बचाव से छात्र/छात्राओं को अवगत कराना।
- दिनांक 14 अप्रैल को डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती तथा दिनांक 15 अप्रैल को गुरूनानक देव जी के जन्मदिवस का आयोजन।

## मई

- आनुपातिक मासिक पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से पूर्ण करना।
- छात्रों को ग्रीष्मावकाश हेतु प्रोजेक्ट कार्य देना तथा ग्रीष्मावकाश की घोषणा ।
- भण्डार सामग्री का सत्यापन।
- मासिक परीक्षा का आयोजन।
- मई के प्रथम रविवार को अध्यापक अभिभावक संघ की सामान्य सभा की बैठक और कार्यकारिणी का चुनाव।
- खेलकूद तथा साहित्यिक, स्काउटिंग एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना तथा सदनवार टीमों का चयन।
- 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक छात्र/छात्रा को योग करने के लिए प्रेरित करना।

## जून

- ग्रीष्मावकाश।

# जुलाई

- अंकपत्र में संशोधन आदि प्रक्रियात्मक विलम्ब के कारण अप्रैल में प्रवेश से वंचित कक्षा–11 के विद्यार्थियों का 15 जुलाई, 2018 तक प्रवेश।
- दिनांक 01 से 07 जुलाई के मध्य वन महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन।
- विद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न वर्गों के अर्ह छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र पूर्ण करते हुए अग्रसारित कर प्रेषित कराना।
- छात्रों के लिखित कार्य की जाँच।
- स्काउटिंग का दल पंजीकरण।
- मासिक परीक्षा का आयोजन।
- प्रतिभाशाली एवं सामान्य से कमजोर छात्रों की पहचान तथा उनके उपचारात्मक शिक्षा हेतु विशेष कार्यक्रम का निर्धारण।

# अगस्त

- गत माह के लिए निर्धारित कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं अवशेष कार्यों को पूरा किया जाना।
- खेलकूद, साहित्यिक, स्काउटिंग, रेडक्रास एवं सॉस्कृतिक कियाकलापों की सदनवार प्रतियोगितायें आयोजित कराकर विद्यालय टीम का चयन।
- 10 अगस्त को डी वार्मिंग डे का आयोजन।
- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का आयोजन।
- पर्यावरण सम्बन्धी प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न कराना।
- विद्यालय द्वारा दो किलोमीटर की परिधि में एक ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र की बस्ती साक्षरता कार्यक्रम हेतु अंगीकृत किया जाना तथा साक्षरता कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु रणनीति तैयार करना।
- कक्षा–10 तथा 12 के छात्रों से बोर्ड परीक्षा के आवेदन–पत्र भराया जाना तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को समय से प्रेषित करना।

- इन्स्पायर एवार्ड योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु चयनित छात्र/छात्रा की तैयारी।
- कक्षा–9 तथा 11 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का अग्रिम पंजीकरण।
- दिनांक 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन।
- विद्यालय स्तर पर विज्ञान क्लब एवं स्काउटिंग की प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- मासिक परीक्षा का आयोजन।

# सितम्बर

- गत माह के लिए निर्धारित कार्यों की प्रगति की समीक्षा।
- दिनांक 01 से 15 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन।
- शिक्षक दिवस एवं संचायिका दिवस का आयोजन।
- कक्षा–08 के अर्ह छात्रों को राष्ट्रीय आय एवं कक्षा–10 में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आवेदन–पत्र भरवाना।
- छात्रों के लिखित कार्यों की जॉच।
- सभी विषयों के मासिक पाठ्यक्रम को पूरा कराया जाना तथा प्रयोगात्मक कार्य की समीक्षा।
- खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समीक्षा तथा विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- इन्स्पायर एवार्ड योजनान्तर्गत जनपद में चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु तैयारी व प्रतिभाग कराना।
- 20 सितम्बर से अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन।
- 24 सितम्बर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती का आयोजन।

## अक्टूबर

- गत माह के अवशेष कार्यो को पूरा कराया जाना तथा छात्रों के लिखित कार्य की जाँच।
- 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन।
- विज्ञान प्रदर्शनी, स्काउटिंग एवं रेडक्रॉस की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय टीम का प्रतिभाग सुनिश्चित करना।
- 11 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण जयन्ती का आयोजन।
- 15 अक्टूबर को भारत के महान वैज्ञानिक, पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम जयन्ती का आयोजन।
- जनपद स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिताओं हेतु छात्रों का चयन तथा उनकी तैयारी।
- एन0सी0सी0 स्काउटिंग तथा राष्ट्रीय सेवायोजन के शिविरों का आयोजन।
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तथा छात्रों को उत्तर पुस्तिकायें दिखाना एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल तैयार करना।
- 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन।

# नवम्बर

- शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों की समीक्षा तथा नियोजन कार्यक्रम का क्रियान्वयन।
- बाल मेले का आयोजन।
- राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था।
- शैक्षिक भ्रमणों का आयोजन।
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल की समीक्षा।
- मासिक परीक्षा का आयोजन।

# दिसम्बर

- कक्षा–8 के छात्रों द्वारा एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु आवेदन–पत्र भरवाया जाना।
- विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन हेतु छात्रों एवं अध्यापकों को अवगत कराना तथा लेख, कविता एवं अन्य सामग्री का आमंत्रण।
- विज्ञान कॉंग्रेस का आयोजन।
- वार्षिकोत्सव का आयोजन।
- दिनांक 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

- परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
- परिषदीय परीक्षा हेतु छात्रों की तैयारी की समीक्षा एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था।
- गृह परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम की पूर्ति की समीक्षा।
- मासिक परीक्षा का आयोजन।
- विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन।

# जनवरी

- अध्यापक–अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन।
- 11 से 17 जनवरी–राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन।
- कक्षा–10 एवं 12 के छात्रों के परिषदीय परीक्षा पाठ्यक्रम की पूर्ति एवं परीक्षा पूर्व प्रगति की समीक्षा।
- प्रतिभाशाली एवं कमजोर छात्रों के उपचारात्मक शिक्षण की समीक्षा।
- परिषदीय परीक्षा हेतु छात्रों को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना।
- बोर्ड परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा का आयोजन।
- मासिक परीक्षा का आयोजन।
- 24 जनवरी उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन।
- 25 जनवरी मतदाता दिवस का आयोजन।
- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन।

## फरवरी

- बोर्ड परीक्षा का आयोजन।
- 10 फरवरी डी वार्मिंग डे का आयोजन।
- नियोजित साक्षरता कार्यक्रम का मूल्यांकन एवं तत्सम्बन्धी आख्या का जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषण।
- 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस।

## मार्च

- गृह परीक्षा का आयोजन।
- गृह परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यॉकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।
- छात्रों का परीक्षाफल का वितरण।
- आगामी सत्र के प्रवेश कार्य हेतु तैयारी।
- प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन की व्यवस्था–प्रश्नपत्र का निर्माण।
- कार्यालय द्वारा सभी कक्षाओं के छात्रों की परीक्षाफल छात्र पंजिका में अंकित करवाना।
- 08 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर ''महिला सशक्तिकरण'' विषय पर विद्यालयों में संगोष्ठी का आयोजन।

# –: नोट :–

- प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में त्रैमासिक रूप से शिक्षक–अभिभावक समिति की बैठक आयोजित की जाय, जिसमें अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति साझा की जाय। विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड में अभिभावक की उपस्थिति का भी अंकन किया जाय।
- विद्यालयों में प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव तथा पुरा–छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाय।
- महापुरूषों के जयन्ती दिवस पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर उनके योगदान के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाय। जयन्ती दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की दशा में एक दिन पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया जाय।